SEAL

# RSM-08

**Compulsory Paper**

**General Hindi - III**

**सामान्य हिन्दी - III**

Total Pages : **24**

Time : **3** Hours

Maximum Marks : **200**

Answer Booklet No. 306224

Roll No. ____________________
(In Figures)

Roll No. ____________________
____________________
____________________
(In words)

____________________
(Signature of the Invigilator)

____________________
(Signature of the Candidate)

**FOR EXAMINER'S USE ONLY**

| Marks Obtained | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| PART - A | | PART - B | | PART - C | |
| Q. No. | Marks Obtained | Q. No. | Marks Obtained | Q. No. | Marks Obtained |
| 1 | | 13 | | 18 | |
| 2 | | 14 | | | |
| 3 | | 15 | | | |
| 4 | | 16 | | | |
| 5 | | 17 | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |
| 9 | | | | | |
| 10 | | | | | |
| 11 | | | | | |
| 12 | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| Total | | Total | | Total | |

Marks Obtained :

Part - A :

Part - B :

Part - C : ____________________

**Total** : ____________________

____________________
(Marks in Words)

____________________ ____________________
(Signature of Examiner) (Signature of Head Examiner)

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Write your Roll Number in the space provided on the Top of this page.
2. Read the instructions given inside carefully.
3. Two pages are attached at the end of the Test Booklet for rough work.
4. You should return the Test Booklet to the Invigilator at the end of the examination and should not carry any paper with you outside the examination hall.
5. A candidate found creating disturbance at the examination centre or misbehaving with Invigilation Staff or cheating will render himself liable to disqualification.

# परीक्षार्थियों के लिये निर्देश

(1) पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिये।

(2) अन्दर दिये गये निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़ें।

(3) उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिये दो पेज (Pages) दिये हुए हैं।

(4) आपको परीक्षा के समय की समाप्ति पर उत्तर-पुस्तिका को निरीक्षक महोदय को लौटाना होगा और परीक्षा भवन से बाहर जाते समय कोई भी कागज अपने साथ नहीं ले जाना होगा।

(5) यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर व्यवधान उत्पन्न करता है या वीक्षण स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार करता है अथवा वंचनापूर्ण कार्य करता है तो वह स्वयं ही अयोग्यता के लिये उत्तरदायी होगा।

This question paper contains 24 pages]

# RSM-08

# सामान्य हिन्दी

## तृतीय प्रश्न-पत्र

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 200

### महत्वपूर्ण निर्देश

(क) प्रश्न-पत्र ''अ'', ''ब'' और ''स'' तीन भागों में विभाजित हैं। प्रत्येक भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस भाग में अंकित किये गये हैं।

(ख) उत्तर पुस्तिका में प्रत्येक भाग के समस्त प्रश्नों के उत्तर क्रमवार देने चाहिये तथा एक भाग में दूसरे भाग के उत्तर नहीं मिलाने चाहिये। एक भाग में दूसरे भाग के प्रश्न के उत्तर लिखे जाने पर ऐसे प्रश्न को जाँचा नहीं जायेगा।

(ग) अभ्यर्थियों को भाग ''अ'', ''ब'' और ''स'' में अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखने चाहिये। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(घ) अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के अन्दर अथवा बाहर पहचान चिह्न यथा-रोल नम्बर/नाम/मोबाईल नम्बर/टेलिफोन नम्बर या अन्य कोई निशान इत्यादि लिखे जाने अथवा अंकित किये जाने को अनुचित साधन का प्रयोग मान जायेगा। आयोग द्वारा ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जावेगी।

## भाग 'अ'

अंक – 50

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के अंक अंकित हैं।

**1.** (क) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए : 2

प्रति + एक ; आदि + अन्त

(ख) निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए : 2

चन्द्रोदय ; दीर्घावधि

**2.** (क) निम्नलिखित शब्दों से सामासिक पद-रचना कीजिए : 2

टेढ़ी नज़र से किया संकेत ; पीत अंगवस्त्र वाला

(ख) निम्नलिखित पदों का समास-विग्रह कीजिए : 2

राजा-रानी ; मध्याहन

**3.** (क) निम्नलिखित प्रत्येक उपसर्ग से दो-दो शब्द बनाइए : 2

नि ; प्र

(ख) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों को अलग कीजिए : 2

अवगाहन ; अध्यादेश

4. (क) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो–दो शब्द बनाइए : 2

त्व ; वी

(ख) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए : 2

मौलिक ; पंडिताई

5. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 3

सूर्य ; आकाश ; पृथ्वी

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 3

विराग ; निर्धन ; बलवान

6. निम्नलिखित शब्द–युग्मों में अर्थ–भेद स्पष्ट कीजिए : 4

गर्त – गर्द ; पानी – पाणि

ग्रह – गृह ; लक्ष – लक्ष्य

7. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक सार्थक शब्द लिखिए। **4**

(i) विदेश में रहने वाला
(ii) किए हुए उपकार को न मानने वाला
(iii) घोड़ों को रखने का स्थान
(iv) बहुत दिनों तक बना रहने वाला

8. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए : **4**

आरोग्यता ; व्यक्तिक ; आर्शीवाद ; पूज्यनिय

9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : **4**

(i) सत्संग करने से समस्त प्राणि मात्र का कल्याण है।
(ii) मेरे जेब में तो कोई भी पैसा नहीं है।
(iii) हमें तो आपकी आर्शीवाद चाहिए।
(iv) आप तो अद्वितिय कवीयित्री हैं।

10. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए : **4**

(i) बेपेंदी का लोटा
(ii) अपनी-अपनी ढपली बजाना
(iii) नौ दो ग्यारह होना
(iv) ओखली में सिर देना

11. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए : 4

(i) ना नौ मन तेल होगा, ना राधा नाचेगी

(ii) कहाँ राजा भोज, कहाँ गंगू तेली

(iii) माया तेरे तीन नाम, परसू परसा परसराम

(iv) मुँह में राम बगल में छुरी

12. प्रशासन से सम्बन्धित अंग्रेजी शब्दों के समानार्थी हिन्दी शब्द लिखिए : 4

(i) Defence :

(ii) Financial Grant :

(iii) Non-Taxable :

(iv) Test :

(v) Judicial :

(vi) Judgement :

(vii) Viva-voce :

(viii) Private :

**नोट :** समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने दिए गए हैं। जहाँ शब्द सीमा निर्धारित है, उसका पालन करें।

13. मन पर नियंत्रण का अर्थ भावों का दमन नहीं, अपितु उनका परिष्कार करना है। उदात्त मूल्यों से युक्त सकारात्मक भावों द्वारा ही सतही या अनुपयोगी व घातक भावों से मुक्ति प्राप्त करना संभव है। सकारात्मक भावों के विरोधी तथा अनुपयोगी नकारात्मक भावों से बचाव करना बहुत आवश्यक हो गया है। इसके लिए निरन्तर सकारात्मक भावों को दृढ़ से दृढ़तर करते चलना आज के समय की अनिवार्यता बन गई है। यह कैसे संभव है? इस प्रश्न का उत्तर केवल इतना ही है कि यह भी मन की दृढ़ता से ही संभव है। याद रखिए–मन के हारे हार है, मन के जीते जीत! छोड़िए निराशा और कर्म कीजिए।

(i) उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक बताइए। 2

(ii) इस अवतरण का एक तिहाई शब्दों में संक्षिप्तिकरण कीजिए। 10

(iii) 'उदात्त मूल्यों से युक्त सकारात्मक भाव' का आशय 40 - 45 शब्दों में बताइए। 3

(iv) आज की अनिवार्यता क्या है? 30 शब्दों में लिखिए। 3

(v) 'मन की दृढ़ता' का आशय 30 शब्दों में बताइए। 2

14. निम्नलिखित कथन का भाव-विस्तार 200 शब्दों में कीजिए : 20

माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रूँधे मोय।
इक दिन ऐसा आएगा, मैं रूँधूँगी तोय।।

15. अपने जिलाधिकारी को क्षेत्र के पर्यावरण-संरक्षण की समस्या बताते हुए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखिए।
(शब्द-सीमा 140 से 150 शब्द तक) 20

16. (क) निविदा, विज्ञप्ति, अधिसूचना में किन्हीं दो को स्पष्ट कीजिए। 10

(ख) कार्यालय में हिन्दी के प्रयोग हेतु अधिसूचना जारी कीजिए। 10

17. निम्नलिखित अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 20

Suddenly we heard the noise. It was 6.15 am. We were at Kathgodam, the last rail head on this route. Kathgodam is located in the most beautiful, picturesque and peaceful surroundings and happened to be the last railway station for people, interested to take on their onward journey to Nainital, Ranikhet, Almora, Bageshwar, Kosani, Bheemtal, Padmapuri, Pindari glacier and Mukteshwar etc. The weather had changed completely and it was raining heavily. Everybody had a sigh of relief. It hardly took us ten minutes to enter into the lower part of the Himalayas, which was full of clouds all around.

## भाग 'स'

अंक - 50

**नोट** : निम्नलिखित विषयों में से ***किसी एक*** विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

18. (क) पर्यावरण–प्रदूषण मानव का सर्वोच्च शत्रु।
    (ख) संपूर्ण साक्षरता : युवाओं की भूमिका।
    (ग) भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियाँ।
    (घ) साहित्य समाज का दर्पण है।
    (ङ) भारतीय अर्थ–व्यवस्था एवं भूमंडलीकरण।

SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे कार्य के लिये स्थान

## SPACE FOR ROUGH WORK
## कच्चे कार्य के लिये स्थान